ओम् शान्ति

अव्यक्त मूर्त बापदादा के अनमोल रतनों को ईश्वरीय स्नेह सम्पन्न मधुर याद बाद विचार कि ड्रामा प्लान अनुसार अचानक ही एक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसका समाचार आपको दे रहे हैं। गुलबर्गा में बीजेपी की विभागीय मीटिंग थी। उसी उपलक्ष्य में दया और करूणा के लिए सशक्ति करण कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ। विशेषता यह थी कि इसमें कर्नाटक के मुख्य मन्त्री श्री बसराज बोम्माई, और केबिनेट मन्त्री श्री रामलु, श्री मुरूगेश निराणी, श्री लक्ष्मण सवदी, श्री अश्वत्थ नारायण, केन्द्रीय मन्त्री श्री प्रह्लाद जोशी, शासक श्री दत्तात्रय पाटिल, श्री मत्तीमूड, श्री सुभाष गुत्तेदार और भी अनेक शासक व एम् एल् सी एवं सांसद तथा बीजेपी अधिकारी गण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

श्री बोम्माई ने कहा कि सारे विश्व में निस्वार्थ सेवा करते जन सामान्य को नैतिकता की प्रेरणा दे रहे हैं। मैं नजदीकी से देखा है कि वे कोई भी प्रलोभन के बिना अध्यात्मिक सेवा करती हैं। मानव मात्र को दया करूणा की आवश्यकता है, दया के बिना धर्म नहीं और यह जो अभियान कर रहे हैं इसके लिए मैं आपको साधुवाद देता हूं । गरीब ही नहीं लेकिन आज सबको दया और करूणा की आवश्यकता है और उसका अपने में धारण करने के लिए जो शक्ति चाहिए वह आप दे रही हैं। मानवीय मूल्यों को धारण कर और कराना यह बहुत बडा काम है जो आप कर रहे हैं इसलिए आपको मुबारक और विश्वास दिलाते हैं कि आपके इस कार्य में हम भी साथ हैं।

कार्यक्रम में राजयोगिनी विजया दीदी ने सर्व का स्वागत कर प्रास्ताविक प्रवचन दिया।

राजयोगी प्रेम भाई ने सर्व का शाल, पुष्प गुच्छ एवं मोमेण्टो देकर सन्मान किया। कार्यक्रम संचालन बी के शिवलीला बहन ने किया।